हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]

NABH Certified

एक एहसास अपनेपन का...
# स्पर्श
## मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

24x7 EMERGENCY SERVICES

हरिभूमि 24th Years Anniversary



डॉ. दीपक वर्मा
डायरेक्टर
आर्थोपेडिक सर्जन

## आयुष्मान भारत योजना
के अंतर्गत अब पुनः इलाज की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सीजीएचएस (CGHS) दर पर इलाज हेतु मान्यता प्राप्त



डॉ. संजय गोयल
डायरेक्टर
एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट

## हमारे प्रमुख कॉरपोरेट सहयोगी जिनके कर्मचारियों एवं आश्रितों के लिए उपलब्ध है कैशलेस उपचार की सुविधा

Indian Railway | Chhattisgarh State Power Companies | State Bank of India | Bank of Baroda | NSPCL | NTPC Ltd. | Coal India Limited

IIT Bhilai | Life Insurance Corporation of India (LIC) | NMDC Ltd | Airport Authority of India | Food Corporation of India | Hindustan Coper Limited (HCL) | Power Gird Corporation of India Ltd. | Reliance Industries | ACC Cement (Adani Group) | Bharat Earh Movers Ltd

Employee's State Insurance Corporation | Bhilai Engineering Corporation Ltd. | Indian Boiler Group | Jaiswal Necco | Engineering Project Ltd. | Vossloh Beekay | Rites Ltd. | Siemens | Vishwa Vishal Engineering | SISCOL

## प्रमुख इंश्योरेंस एवं टीपीए कम्पनीज

MD India | Vidal Health | Medi Assist | Star Health | ICICI Lombard | Health Insurance TPA of India Ltd. | Care Health Insurance | FHPL | HDFC ERGO | Paramount Health

Reliance General Insurance | Aditya Birla Health | SBI General | Ericson | Medvantage | Genins India Insurance TPA Ltd. | Rothshield | MedSave | Volo Insurance | Health India

Reliance Health Insurance | Heritage Health | GHS | Galaxy | Good Health TPA | Focus tpa | Bajaj Allianz | Chola MS | ManipalCigna | Future Generali

Raksha Health Insurance TPA | IFFCO-TOKIO | Liberty Insurance | TATA AIG Insurance | Universal Sompo General Insurance Co. Ltd. | Navi Health Insurance | digit Insurance | Vipul MedCorp TPA Pvt Ltd. | Safeway Insurance TPA Pvt. Ltd. | Link-K Insurance TPA Pvt Ltd.

## स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, राम नगर, सुपेला, भिलाई

www.sparshbhilai.com corporate@sparshbhilai.com 0788 4252222, 72250 59701

CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

SCAN FOR MORE DETAILS

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप

### अटल भवन के लिए 30 लाख मंजूर

**सोमनी।** ग्राम में अटल सदभावना भवन हेतु 30 लाख की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह का आभार व्यक्त करने एवं आगामी 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जंयती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों रायपुर गए। सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों ने विभिन्न आयोजन के लिए गुरु घासीदास मंगल भवन निर्माण की मांग किया था। विस अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की अनुशंसा से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 30 लाख की स्वीकृति मिली है। मंडल भाजपा के महामंत्री रमनसिंह राजपूत के नेतृत्व में तामेश्वर बंजारे, नरोत्तम बंजारे, भीखम मारकंडे, गजेन्द्र बंजारे, बलराम बंजारे, विजयसिंह राजपूत, हरिशंकर देशमुख, गोपी देशमुख, पप्पु बैगा एवं रमेश बंजारे ने डां सिंह से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया।

### बोईरडीह में जल संरक्षण की पहल



**छुरिया।** जल संकट को देखते हुए ग्राम पंचायत बोरईडीह में जल संरक्षण के लिए नाले में बोरी बंधान किया गया । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नैनसिंह पटेल, मोहित पडोटी, फतेश देवांगन, भीषम शोरी मौजूद रहे । श्री सिन्हा ने कहा कि इस पहल से भविष्य के लिए जल संरक्षण होगा। वर्तमान में जल बचाकर सूखे जैसी समस्या को कम किया जा सकता है। । इस अवसर पर शिशुपाल पटेल, हीराराम मंडावी, नंदिनी कंवर, नेमा कंवर, बलदेव यादव, चुनियाबाई, तीजन बाई, दशमत बाई, रंगीला कंवर सहित अन्य मौजूद थे।

### भागवत कथा 28 से 5 तक



**छुरिया।** ग्राम भोलापुर में 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक जय मां अंबे पंचदर्शन मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। कथावाचक भागवताचार्य पं मनोज पुष्प महाराज होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिशुपाल साहू, उपाध्यक्ष मनबोध चतुर्वेदी, सचिव रूखम पांडे, कोषाध्यक्ष पोखनदास साहू, उप कोषाध्यक्ष लालाराम साहू, सह सचिव जागृतदास साहू हैं।

### क्रिकेट स्पर्धा का रंगारंग शुभारंभ



**छुरिया।** ग्राम केशोटोला में आदर्श क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्साह और उमंग के बीच स्पर्धा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बीरमबाई मंडावी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य भानबाई मंडलोई, सरपंच अंजू धनकर उपस्थित थी। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि खेल के आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। खेल अनुशासन, संघर्ष, टीम भावना और आत्मविश्वास सिखाता है, जिससे जीवन में सफलता की नींव मजबूत होती है। इस मौके पर भागदास साहू, शंकर मंडलोई, कृष्णाबाई, मीराबाई, रामबाई, अमरौतिनबाई, मुकेश्वर आदि उपस्थित थे।

### स्व. वर्मा को अर्पित किया श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई ने गत दिनों मानस गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक स्व. लेखराम वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर ग्वालचंद, रामखिलावन दुबे, विश्राम साहू, सतानंद दुबे, मनोज शर्मा, अंजू शर्मा, सुखसागर धुर्वे, वीरेंद्र धुर्वे, रामलाल, मोरध्वज साहू, सुदर्शन, गोवर्धन, बजरंग साहू, शंकर साहू, गंगा वर्मा, प्रतिमा देवांगन, रोहित पटेल, अनस पटेल, हरीशचंद्र, गोपाल वर्मा, सोनू वर्मा, केकती वर्मा, नंदकुमार, मोनू वर्मा, राजेंद्र साहू, हरीश साहू, कंवल निर्मलकर आदि मौजूद थे।

### प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए 14 प्रतिभागी



**डोंगरगढ़।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 5 से 9 दिसंबर तक आयोजित मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भारत स्वाभिमान न्यास की तहसील प्रभारी हेमंत साहू के मार्गदर्शन में 14 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें श्रीनिवास जनबंधु, मोहनलाल शर्मा, अशोक मदकम, उज्जैन वर्मा, संतोष लांजेवर, श्यामसुंदर अग्रवाल, सतविंदर सिंह भाटिया, श्याम तिवारी, सत्येंद्र बिसेन, भगवानदीन साहू, भीषम ठाकुर, राज कुमार टोपा, प्रहलाद पटेल शामिल है। सभी प्रतिभागियों ने गांव में शिविर लगाकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। वापस आने पर स्टेशन में योगाचार्य डीसी ऐरे, संतोष टेमरे, विश्वनाथ यादव, कमल अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, एमडी साहू ने स्वागत किया।

### विद्यार्थियों ने बनाया डिजिटल पोस्टर



**डोंगरगढ़ ।** नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग ने विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर सामाजिक हित के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने एआई के समाजोपयोगी पहलुओं को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। स्पर्धा में प्रथम उदय कुमार, द्वितीय प्रिया एवं तृतीय स्थान झरना ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सोसाईटियों में बनने लगे जाम के हालात

# माहभर में 30 फीसदी धान की खरीदी, लिमिट बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



धान खरीदी शुरू हुए माह भर पूरा होने वाला है किन्तु अंचल के धान खरीदी केन्द्रों में अब तक लिमिट का 25 से 30 फीसदी ही धान की खरीदी हो पाई है। केन्द्रों में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट कम होने तथा परिवहन के आभाव में खरीदी की रफ्तार धीमी है। मौजूदा लिमिट के आधार पर खरीदी होते रही तो केन्द्रों को टारगेट पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए धान खरीदी की लिमिट बढ़ने के साथ धान उठाव होना आवश्यक हो गया है।

जानकारी के अनुसार धान खरीदी के शुरू होने के माह भर बाद भी केन्द्रों से धान का उठाव शुरू नहीं हो सका है। उपार्जन केन्द्रों में धान की मात्रा लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र कुकुरमुडा अतरिया, विचारपुर, बुन्देली, संड़ी, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव में बफर लिमिट से अधिक का धान खरीदा जा चुका है। किसी केन्द्र में डेढ तो किसी केन्द्र में बफर लिमिट से दो गुना धान का संग्रहण हो गया है। उपार्जन केन्द्र के प्रभारी लगातार धान उठाव करने की मांग कर रहें हैं। जानकारी अनुसार संड़ी सोसायटी में 21396 क्विंटल, विचारपुर में 19158 क्विंटल, कुकुरमुड़ा अतरिया उपार्जन केन्द्र में 15427 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसी प्रकार ठाकुरटोला, बुन्देली, मोहगांव, पैलीमेटा में 15 हजार क्विंटल से अधिक की खरीदी हो गई है। सभी जगह लगभग आठ हजार क्विंटल की बफर लिमिट है।

### टोकन अब चौबीस घंटे

धान खरीदी के शुरूवाती दिनों से ही किसानों ऐप्स के माध्यम से आनलाईन टोकन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आनलाईन टोकन सुबह आठ से शाम 5 बजे ही काट सकते थे। सुबह 8 बजे टोकन की प्रकिया शुरू होती थी जो चंद मिनटों में समाप्त हो जाती थी। अब नियम में बदलाव किया गया है। किसान टोकन किसी भी समय काट सकते हैं। आनलाईन टोकन काटने की प्रकिया 24 घंटे चालू रहेगी। जानकारी के मुताबिक आगामी 13 जनवरी तक का टोकन जारी हो चुका था। किसान अपना टोकन काट चुके हैं। इसके बाद अगामी एक सप्ताह के लिए किसान टोकन किसी भी समय प्राप्त कर सकते हैं। वही दूसरी ओर किसान प्रतिदिन की लिमिट बढ़ाने की मांग कर रहें हैं ताकि आसानी से अपना टोकन काट सके।

### खरीदी के साथ लिकिंग वसूली

केन्द्रों में धान खरीदी के साथ ही लिंकिंग वसूली किया जा रहा है। ऋण वसूली में कुकुरमुड़ा अतरिया सबसे आगे हैं। यहां 1 करोड़ 50 लाख 92708 रूपए का ऋण किसानों से वसूल किया जा चुका है। इसी प्रकार विचारपुर में 1 करोड़ 47 लाख 80090, संड़ी में 1 करोड़ 37 लाख 78126 रूपए की वसूली किया जा चुका है।

# पड़ोसी राज्यों के धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी शुरू होने के बाद से दूसरे राज्यों से धान की अवैध आमद थमने का नाम नहीं ले रही है।

■ कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद

सुपर फाइन क्वालिटी के नाम पर कथित धान की कालाबाजारी लगातार जारी है। बीती रात बोरतलाव जांच चौकी में धान से भरे ट्रक को पकड़ा गया, लेकिन कुछ घंटों बाद छोड़ दिया गया। खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा के अनुसार सैंपलिंग रिपोर्ट में धान पतला पाया गया, इसलिए कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों का दावा है कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजे 9886 को मध्यप्रदेश से लोड किया गया जिसमें रबी सीजन का धान था। ट्रक धमतरी जा रहा था। आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से गाड़ी को छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार रात 10 से सुबह 3 बजे तक बोरतलाव और पाटेकोरा जांच चौकी से संदिग्ध गाड़ियाँ छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही हैं जिन्हे रोक पाने में प्रशासन नाकाम है। जानकारी के अनुसार सुपर फाइन किस्म एनपीएच 150, बासमती पूसा 1718, 7501, 2226, फाइन-90 की छत्तीसगढ़ सीमा से लगे इलाके में पैदावार नहीं होती है इसके बाद भी गोंदिया, आमगाँव, सालेकसा, बालाघाट छिंदवाड़ा से अवैध परिवहन किया जा रहा है। 17 किलो वजन वाले कटटे को 21 किलो का बताकर बेचा जा रहा है, जिससे बड़े व्यापारियों को फायदा हो रहा है।

### नेताओं की मिलीभगत

धान के खेल में जनप्रतिनिधि के शामिल होने की भी चर्चा है। हाल में एक जनप्रतिनिधि नाम पर तीन गाड़ियाँ पार कराने का आरोप लगा था। सूत्रों के अनुसार स्थानीय जनप्रतिनिधि के नाम का उपयोग करके तीन ट्रकों को पार कराया गया था। यह मामला तब उजागर हुआ जब शिकायत थाने पहुँची।

# शहर की 352 महिलाओं ने मांगा गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



स्थानीय प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन में प्रधानमंत्री उज्वला और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से लोगों को जोड़ने शिविर आयोजित किया गया। शहर के लोगों ने दोनों योजना में रुचि दिखाते हुए विभागीय स्टाल में जाकर जानकारी हासिल किया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गरीब परिवार को रसोई गैस कनेक्शन देने की घोषणा के बाद लगे शिविर में शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिरकत करते आवेदन दिया। शिविर में 352 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके, असिस्टेंट इंजीनियर यशवंत तुमरेकी, जूनियर इंजीनियर श्रीकांत सिंग ने लोगो को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे बताया।

■ प्रशासन के निर्देश पर लगा शिविर

जानकारी के अनुसार शिविर में 3 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया। वहीं 122 हितग्राहियों ने सोलर पेनल लगवाने सहमति जताया। शिविर स्थल पर आवेदन प्रक्रिया को परा कराने में सीएमओ विनम्र जेमा, अंजू त्रिपाठी, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन, राजा जैन, सद्दाम खत्री, दुर्गेश रामटेके, कोमल साहू, पूर्व पार्षद सिदिदक बडगुजर,उप अभियंता केआर बर्मन, सहायक राजस्व निरीक्षक गिरीश साहू, कमलनारायण कोठारी, हर्ष उने, विरेन्द्र पटेल, डोलेश्वरी साहू एवं अन्य सक्रिय

# लगातार बैठने की आदत स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक : डॉ. शुभि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



योग एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. शुभि ताम्रकार का कहना है कि देर तक बैठना, बैठकर काम करने जैसी आदत धूम्रपान जैसी हानिकारक है। जो लोग ज्यादातर समय बैठे रहते हैं, उन्हे दिल की बीमारी से मरने का ख़तरा 34 प्रतिशत ज्यादा होता है। करीब 10 घंटे या अधिक समय तक बैठने से दिल की बीमारी का जोखिम 24 प्रतिशत और असमय मृत्यु का जोखिम 29 फीसदी बढ़ जाता है।

उन्होंने बताया कि लैपटाप और मोबाइल पर झुककर बैठने की आदत ने कंधों, फ्रेजन शोल्डर जैसी समस्याएँ होती है। पीठ के झुकाव से फेफड़ों और हृदय पर दबाव पड़ता है। स्कूलों में बच्चों के कठोर बेंचों पर बैठने से रीढ़, आँख और गर्दन में तनाव बढ़ता है जिससम स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। रक्त संचार कम होता है और कोर्टिसोल नामक हार्मोन बढ़ता है।

### मूव करते रहे

उन्होंने बताया कि स्कूल और आफिस में लंबे समय तक बैठने से धूप या ताजी हवा से संपर्क टूट जाता है जिससे रीढ़ और मेटाबॉलिज्म कमजोर होता है। उन्होंने बताया कि 30 मिनट में केवल 2 मिनट खड़े होने या चलने ब्लड प्रेशर बेहतर होता है। दो मिनट चलकर हल्का स्ट्रेच करना चाहिए। इसी प्रकार काम के दौरान गर्दन घुमाने, कंधे उचकाने और गहरी साँस लेने से राहत मिलती है। सुबह या दोपहर हल्की धूप में बैठने से शरीर और मन को ऊर्जा मिलती है।

# आरपार लड़ाई की तैयारी में संघ



**डोंगरगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर संघर्षरत छग लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अब अपनी अंतिम लडाई की स्थिति में आ गया है। आकस्मिक निधि नियम एवं सीधी भर्ती प्रावधानों के अनुसार कलेक्टर दर पर भुगतान एवं नियमनित वेतन मान एवं गलत व्याख्या कर कर्मचारियों को लाभ से वंचित करने एवं बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाडा, कांकेर व बालोद जिले के गंभीर मामलों पर सुनवाई नहीं हो रही है। संघ ने कर्मचारियों के हित में फैसला करने की मांग की है। उन्होने उक्त मामले को लेकर न्यायलय की शरण में नही जाने का फैसला लेते हुए शासन स्तर पर होने वाले फैसले को अंतिम होना बताया है।

### गायत्री बनीं आरक्षक



**जेवरतला रोड।** ग्राम चेन्दरीबन नवागांव की गायत्री साहू पिता विशाल राम साहू का आरक्षक के पद पर चयन हुआ है। गायत्री ने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक की पढ़ाई ग्राम में की थी। पिछले सत्र से वह माध्यमिक शाला में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दे रही थी। चार माह पूर्व नगर सैनिक के पद पर चयनित हुई थी। उसके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानपाठक कोमलचंद आर्य, क चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने बधाई दी है।

# शासकीय जमीन पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




नगर में अतिक्रमण, अवैध निर्माण होने के बाद नगर पालिका, नजुल और राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में वार्डवासियों द्वारा शिकायत भी किया जा चुका है। वार्ड 24 निवासी जनक तिवारी एवं एसके थान थराटे ने बताया कि पुराना बस स्टैण्ड के पीछे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर सैप्टीक टैंक का निर्माण किया गया है। शिकायत करने के बाद नगर पालिका ने ध्यान नही दिया और निर्माण पूरा हो गया। निर्माण के बाद लोगों को आने जाने में परेशान होना पड़ रहा है। सेप्टीक टैंक से निकलने वाली बदबू से सांस लेने में दिक्कत होने लगी है। वार्डवासियों ने बताया कि शिकायत के बाद पालिका की टीम जांच करने पर पहुंची किन्तु लेनदेन कर मामले को रफादफा कर दिया।

■ शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी

## लहराते हैं चाकू, लोगों में भय का माहौल

# यात्री प्रतीक्षालय में नशेड़ियों का जमघट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर के बस स्टैन्ड स्थित प्रतीक्षालय में असामाजिक तत्वो का डेरा हो गया है जिससे यात्रियो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यात्री प्रतीक्षालय में सुबह से देर रात तक नशेडियों का जमावडा लगा रहता है जो आए दिन लड़ाई झगडा करते रहते है।

बस स्टैन्ड का यात्री प्रतीक्षालय इन दिनों हंगामे का अड्डा बन गया है। नगर पंचायत के कर्मचारियों की माने तो यहां गांजा और शराब का सेवन करने वालों का जमावडा रहता है। नशापान करने से रोकने पर वह लडाई झगड़ा करने उतारू हो जाते है।

लोगों की माने तो नशा करने वाले प्रवेश करने से रोकने पर ब्लेड, चाकू निकाल लेते है। व्यापारियों ने बताया कि गांजा और शराब के नशे में डूबे लोग ग्रुप में एकजुट होकर लडाई झगडा करने लगते है।



### लगाया गया सीसीटीवी कैमरा

व्यापारियों एवं यात्रियों की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रतीक्षालय में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया है। सीसीटीवी लगाने से अब यात्री प्रतीक्षालय में आने वाले यात्री एवं असामाजिक तत्व अब कैमरे की नजर में रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने समस्या के निराकरण के लिए सीसीटीवी कैमरे की मानिटरिंग थाने से करने की स्वीकृति ली है। जिससे संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस की नजर रहेगी।

# युवा खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



निकटवर्ती ग्राम मोहड़ में विकासखंड स्तरीय युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में खेल महोत्सव में स्कूली छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर विभिन्न लोक नृत्य, चित्रकारी, वाद विवाद प्रतियोगिता, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, सुवा, पंथी, कर्मा नृत्य, निबंध लेखन आदि में हिस्सा लिया। आयोजन के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में जिला तथा प्रदेश स्तर पर बेहतर कला का प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ौती, हरिला साहू, भूमिका देवांगन, मधु ओमेश यदु, विवेक मंडावी, कोमल साहू, भूषण देवांगन, अंकुश देवांगन, रोशन देवांगन, उमा साहू, दशरथ देवांगन, रूखमणी देवांगन, सरस्वती देवांगन उपस्थित थे।

### शिवपुराण कथा का वाचन 18 तक



**एलबी नगर।** नगर की श्री राधा कृष्ण महिला मंडली के तत्वावधान में शिव पुराण कथा का आयोजन श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में किया गया है। कथा वाचक पंडित शंकरनंद शर्मा साल्हेवारा होंगे। कथा का वाचन आगामी 18 दिसंबर तक होगा। आयोजकों ने आसपास के ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025



**खबर संक्षेप**

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन

**राजनांदगांव** । जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आज चयन परीक्षा का आयोजन किया गया । इस परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए । परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी खासी तैयारी की हुई थी । इस चयन परीक्षा के लिए शहर में 13 केंद्र बनाए गए थे, जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा के आयोजन को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजू साहू ने बताया कि स्टेट स्कूल में 240 परीक्षार्थियों ने नवोदय विद्यालय में चयन के लिए परीक्षा दी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर दिए गए निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। वही शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नवोदय के निर्देश अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।
नवोदय विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के चयन के लिए आयोजित की गई इस परीक्षा को लेकर अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए पालकों में भी काफी गंभीरता रहती है। सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की गई इस परीक्षा में कक्षा 6 में प्रवेश के विद्यार्थियों की अधिक संख्या रही।

### मड़ई का आयोजन आज

**राजनांदगांव** । ग्राम रेंगाकठेरा में मंडई का कार्यक्रम 14 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित उक्त मंडई में ग्राम होजेटोला वालों का नाच कार्यक्रम आयोजित है। उक्त मंडई में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

# एक माह में 183 कोचियों की धरपकड़, 8 करोड़ का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक गंभीरता के चलते लगातार अवैध धान पर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अमले ने एक माह के भीतर ही लगभग 8 करोड रुपए का अवैध धान जब्त किया है। प्रशासन द्वारा अब तक राजनांदगांव विकासखंड में 42, डोंगरगढ़ विकासखंड में 50, डोंगरगांव विकासखंड में 51 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अवैध धान खपाने के लिए कोचिए सक्रिय नजर रहे हैं। वहीं प्रशासनिक अमला भी इस अवैध धान को रोकने के लिए मुस्तैद दिखाई दे रहा है। अवैध धान को रोकने के लिए जिले के मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में तीन चेक पोस्ट बनाकर 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

वहीं धान खरीदी केन्द्रों में संदेह होने पर भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है, जहां अधिक धान भी मिल रहा है। 15 अक्टूबर से शुरू हुई इस धान खरीदी में प्रशासनिक अमले ने अब तक कुल 183 प्रकरण दर्ज की है। जिसमें 63031 बोरों में 25212.46 क्विंटल धान जब्त किया गया है । जिसकी कीमत 7 करोड़ 81 लाख 58 हजार 626 रुपए है। वहीं इस अवैध धान परिवहन में लिप्त कुल 18 वाहनों पर भी जब्ती कार्रवाई की गई है ।

## प्रशासन की कार्रवाई से कोचियों में मची खलबली, पोहा और राईस मिलों में भी दबिश

### मुढ़पार खरीदी केंद्र में छापा

कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। आज उपार्जन केंद्र मुड़पार का भौतिक सत्यापन किया गया। इस उपार्जन केंद्र में खरीदी से अतिरिक्त 2100 कट्टा में लगभग 840 क्विंटल अतिरिक्त धान पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। वहीं आज अन्य 4 प्रकरणों में 445 बोरों में 177.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

### पोहा मिल में भी मिला अवैध धान



कलेक्टर के निर्देश पर आज तहसीलदार तथा कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा शहर के बसंतपुर स्थित महामाया कृषि केन्द्र फर्म के परिसर में दबिश देकर लगभग 1800 कट्टा धान जब्त किया है। वहीं लखोली स्थित विकास पोहा मिल में विकास अग्रवाल के यहां से 332 कट्टा धान जब्त किया और नंदई मोहारा स्थित जिंदल पोहा मिल में तपन अग्रवाल के यहां 200 कट्टा धान जब्त किया गया।

### कृषि केंद्र में अवैध धान

तहसीलदार तथा कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा शहर के बसंतपुर स्थित महामाया कृषि केन्द्र फर्म के परिसर में दबिश देकर लगभग 1800 कट्टा धान जब्त किया है। वहीं लखोली स्थित विकास पोहा मिल में विकास अग्रवाल के यहां से 332 कट्टा धान जब्त किया और नंदई मोहारा स्थित जिंदल पोहा मिल में तपन अग्रवाल के यहां 200 कट्टा धान जब्त किया गया।

## ठंड के कारण स्कूली बच्चों की भी सेहत खराब

# सर्दी-जुकाम लेकर आई कड़ाके की ठंड, 20 फीसदी बढ़े वायरल के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ठंड अपने साथ सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी समस्या लेकर आई है। सरकारी अस्पतालों में मौसमी बीमारी के मरीज 20 फीसदी तक बढ़े हैं। जिसमें ब्रोंकियोलाइटिस की समस्या वाले छोटे बच्चे भी शामिल हैं। फेफड़े की वायु नसों में होने वाले संक्रमण की वजह से बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है और शिकायत बढ़ने पर उन्हें भर्ती कर इलाज भी करना पड़ता है। सर्दी का मौसम श्वांस संबंधी समस्या के पीड़ितों के लिए जोखिम भरा होता है। इसके साथ ही मौसमी बीमारी यानी सर्दी-खांसी की परेशानी भी थोक में सामने आती है।

राज्य में ठंड प्रारंभ हो चुकी है और मौसमी बीमारी से पीड़ित होने वालों की संख्या अस्पताल में बढ़ने लगी है। अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आने वाले मरीजों में दस से फीसदी लोग सर्दी-जुकाम जैसी समस्या से पीड़ित है। इन मरीजों को आवश्यकता के अनुसार डॉक्टर जांच के बाद दवा दे रहे हैं और तीन से चार खुराक में समस्या का



समाधान हो जा रहा है, जिन्हें समस्या ज्यादा है, उन्हें भर्ती कर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। ठंड के इस मौसम में छोटे बच्चों को भी सर्दी-जुकाम के साथ ब्रोंकियोलाइटिस का जोखिम बढ़ गया है। जिला अस्पताल के शिशु रोग विभाग में बच्चों की इस तरह की समस्या लेकर बच्चे पहुंच रहे हैं। प्रारंभिक शिकायत होने पर ऐसे बच्चों की समस्या दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह से ठीक की जा रही है। वहीं शिकायत होने पर कुछ बच्चों को भर्ती कर उपचार की सुविधा दी जा रही है। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भी हर आयु वर्ग के मरीज इलाज के लिए दवा लेने पहुंच रहे हैं।

### वायरल इंफेक्शन

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि बोकियोलाइटिस एक वायरल इंफेक्शन है। यह छोटे बच्चों के फेफड़ों में वायु मार्ग (ब्रोकियोल्स) को संकरा कर देता है। जिससे सांस लेने में मुश्किल होती है। इसके लक्षणों में जुकाम, खांसी, और घरघराहट शामिल है और यह आमतौर पर रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस के कारण होता है। ज्यादातर मामलों का इलाज घर पर ही हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा सांस लेने में बहुत तकलीफ महसूस करे, तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### अस्थमा की शिकायत भी

ठंड के इस मौसम में अस्थमा के पुराने पीड़ितों का खतरा बढ़ गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीबी एवं चेस्ट रोग विभाग में अस्थमा, एलर्जी जैसी समस्या लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। चिकित्सकों के मुताबिक ठंडी हवा निचले स्तर पर बहती है। इसकी वजह से वातावरण में मौजूद धूल नीचे आते हैं और श्वांस संबंधी शिकायतों से पीड़ित लोगों के परेशानी का कारण बनते हैं। डॉ. प्रकाश खूंटे ने बताया कि ओपीडी में आने वाले 20 फीसदी मरीज मौसम की समस्या से पीड़ित हैं।

# मटेरियल टेस्टिंग लैब में जांच, फिर भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर होने वाले कार्य में भ्रष्टाचार साफ दिखाई देता है। जिसके चलते कार्य की गुणवत्ता खराब होती है। हाल ही में 10 करोड़ रुपए से निर्मित शहर के विभिन्न सड़क की गुणवत्ता को देखकर ही विकास कार्यों के धरातल पर क्रियान्वयन को समझा जा सकता है।

कार्यों की बेहतर गुणवत्ता के लिए नगर निगम द्वारा टांकाघर परिसर में मटेरियल टेस्टिंग लैब भी बनाया गया है, लेकिन इस लैब के भीतर रखी मशीनों को देखकर ऐसा लगता है कि इसमें टेस्टिंग की महज खानापूर्ति ही होती है। अगर यहां निर्माण कार्य के मटेरियल की सही तरीके से टेस्टिंग होती है तो फिर गुणवत्ता खराब कैसे हो रही है, यह भी एक सवाल है। शहर में गांधी चौक से लेकर दुर्गा चौक तक की सड़क को बने लगभग 6 माह ही हुए हैं। ऐसे में इसके निर्माण कार्य के दौरान ही सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जबकि मौके पर इंजीनियर ने गुणवत्ता की जांच की थी। वहीं मटेरियल टेस्टिंग लैब होने के बाद भी सड़क पर बिछाए गए डामर की गुणवत्ता आखिर कैसे खराब हो गई। वहीं सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं।

### टेस्टिंग की औपचारिकता

टांकाघर परिसर में निर्मित इस मटेरियल टेस्टिंग लैब में मशीन तो लगाई गई है, लेकिन इंजीनियरों की कमी है। इस टेस्टिंग लैब में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य में लगने वाले पदार्थ उसकी गुणवत्ता को परखा जा सकता है, लेकिन लैब के भीतर रखे मशीनों की महज औपचारिकता ही दिखाई देती है।

**सीसी रोड की गुणवत्ता भी खराब**
शहर के कई वार्ड में नगर निगम चुनाव से पहले ही सीसी रोड निर्माण किया गया है। इसमें से कई जगहों पर सीसी रोड में दरारों के साथ ही कांक्रीट की सड़क टूट रही है। कुछ वार्डों में तो सीसी रोड़ की कांक्रीट भी उखड़ रही है। अगर मटेरियल टेस्टिंग लैब में गुणवत्ता चेक की गई है तो फिर इस तरह से कांक्रीट की सड़क उखड़ना जांच पर भी सवाल खड़े करता है।

# घर का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

घर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी से चोरी के गहने भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने घर बजरंगपुर नवागांव से 12 दिसंबर को साढे 12 बजे अपनी बहू के साथ बाजार गई थी। बाजार से 2 बजे घर वापस आकर देखी तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। प्रार्थिया के रूम और अपनी बहू के रूम में रखे आलमारी के अंदर रखे सोने का आभूषण, 5 मंगलसूत्र, 3 कान के इयरिंग कीमती करीबन 545000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एक आरोपी ने अपना नाम ऐश्वर्य साहू 18 साल ग्राम नवागांव का होना बताया तथा एक अपचारी बालक होना पाया गया। बारिकी से पूछताछ करने पर आरोपी एवं अपचारी बालक द्वारा प्रार्थिया के मकान से सोने के 5 मंगलसूत्र, 3 कान के इयरिंग, नाक के फुल्ली एवं नगदी रकम 1000 रुपए चोरी करना तथा चोरी किए गए रकम में से 600 रुपए को खाने-पीने में खर्च होना बताते ▸▸ शेष पेज 14 पर

### चोरी का सामान बरामद

इस मामले में चौकी चिखली एवं सायबर सेल की टीम तैयार कर घटना के संबंध में चोरी के घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेजों को खंगाला गया। जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति घटनास्थल के आसपास घूमते हुए पाए गए। जिनके हुलिया के अनुसार दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर चौकी चिखली लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

# अस्पताल के सुरक्षा गार्ड से मारपीट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

निजी एम्बुलेंस संचालकों द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निजी सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निजी सुरक्षा गार्ड ने रिपार्ट दर्ज कराया कि प्राईवेट एम्बुलेंस के संचालक पप्पू उर्फ विनय मेश्राम द्वारा अपने प्राईवेट एम्बुलेंस को अस्पताल परिसर में अनाधिकृत रूप से खड़ी करने पर मना करने पर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। ▸▸ शेष पेज 14 पर

# वाहन की चपेट में आए मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

शराब के नशे में डीआई वाहन चालक ने रोड पर खड़े एक 4 वर्षीय मासूम बालक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 दिसंबर को शाम के समय बिजली विभाग में संलग्न डीआई वाहन के चालक रोशन कुमार पटेल पद्मावतीपुर की ओर जाते समय शराब के नशे ने ग्राम कुटेलीखुर्द बाजार चौक रोड़ पर खड़े बालक डिमांशु जंघेल पिता भगवती जंघेल 4 साल निवासी ग्राम कुटेलीखुर्द थाना छुईखदान को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। लगभग तीन मीटर दूर तक ले गया और गाड़ी को लेकर पद्मावतीपुर की ओर भाग गया। घायल बालक को शासकीय अस्पताल छुईखदान ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा चेक करने पर बालक डिमांशु जंघेल को मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी भगवती जंघेल पिता जोहनराम जंघेल 32 साल साकिन कुटेलीखुर्द की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 281, 125(ए), 105 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

विवेचना के दौरान पुलिस ने डीआई वाहन के चालक आरोपी रोशन कुमार पटेल पिता तिरिथराम पटेल 31 साल निवासी ग्राम भठोरा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा हाल पता कुकुरमुड़ा को 13 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को उपजेल सलोनी भेजा गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

सुमीत बाजार™ में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~
प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी
डिजिटल प्रिंट
मेन्स कुर्ता
₹333 में प्रति पीस
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
सुमीत मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव । श्री सिनेमा के पास, स्टेशन रोड, डोंगरगढ़
*condition apply

# राष्ट्रवाद पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता : पुष्पेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय महेश्वरी भवन के सभागृह में आयोजित राष्ट्रवादी विचार गोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित एवं चर्चित राष्ट्रवादी विचारक व वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज देश को राष्ट्रवाद पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। युवाओं को साहस के साथ सत्य के पक्ष में सामने आना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र उनसे बड़ी आशा लगाए बैठा है।

अपने उद्बोधन में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज 70-75 वर्षों से सुनी-सुनाई बातों का ही अधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कई लोग शब्दों के वास्तविक अर्थ जाने बिना स्वयं को विषय का जानकार बताकर भ्रम फैला रहे हैं। समाज में झूठ को सच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, ऐसे में सच को पहचानने और सामने लाने की जिम्मेदारी बुद्धिजीवियों की है।

### भारत की वैश्विक पहचान और शक्ति

पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुका है और सदैव विश्व गुरू रहा है। यह साख आने वाले समय में भी बनी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से कहा कि समाज में वह शक्ति है, जो शासन-प्रशासन से अपनी बात मनवा सकती है, बशर्ते लोगों को अपनी सामूहिक ताकत का एहसास हो और वे जागरूक व अध्ययनशील बने।

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर विचार

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अत्याधिक सजग रहने की आवश्यकता पर बल देते कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है और हमें अपने आचरण को धर्मसम्मत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर की जा रही राजनीति ने देश को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, जिस पर समाज को आत्ममंथन करना होगा।

### सनातनी समाज के एकीकरण का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि उनकी यात्राओं का प्रमुख उद्देश्य सनातनी हिंदू समाज को एकत्रित करना है। सतत जनजागरण के माध्यम से समाज को सत्य से अवगत कराना समय की आवश्यकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता आदिकाल से विश्व को मार्गदर्शन देती आई है और आज भी पाश्चात्य देश भारतीय जीवन-मूल्यों को अपना रहे हैं।

## चिखली पुलिस की कार्रवाई

# वाहन में मवेशियों को ले जा रहे थे कत्लखाना, आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो वाहनों में भरकर मवेशियों को तस्करी कर कत्लखाना ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 12 दिसंबर को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि दो वाहनों में मवेशियों की तस्करी की जा रही है।

उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, प्रधान आरक्षक अरूण कुमार नेताम, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, चंद्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, किशोर मार्बल एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।



### वाहनों में मिले मवेशी

चिखली चौकी स्टाफ गौ सेवकों के साथ ग्राम तिलई के पास खैरागढ़ की ओर जाते वाहनों की चेकिंग करने पर दो वाहनों को रोककर चेक किया। दोनों वाहनों में तीन-तीन नग भैंस एवं भैंसी को ठूंस-ठूंस कर ले जाते पाया गया। दोनों वाहनों में सवार सत्यप्रकाश धृतलहरे, मोहनदास मानिकपुरी, मनोज कुमार साहू एवं अपचारी बालक से पूछताछ करने पर मवेशियों को भाठापारा बलौदाबाजार से लॉजी बालाघाट ले जाना बताते हुए किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना जानकारी दी।

### आरोपियों पर की कार्रवाई

जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते तीन आरोपियों एवं एक अपचारी बालक के विरूद्ध कार्रवाई की। मवेशियों का डॉक्टरी परीक्षण कराकर गौशाला सुरक्षार्थ रखा गया एवं आरोपियों के विरूद्ध अपराध सदर धारा 4, 6, 10 छग पशु परिरक्षण अधि. 2004, 11 पशु के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत विधिवत कार्रवाई कर तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय आदेशानुसार जेल भेजा गया। अपचारी बालक को सरंक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया।

# ओपन नेशनल जूनियर में शहर के वॉलीबॉल खिलाड़ी का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के प्रतिभावान वॉलीबॉल के खिलाड़ी अर्पित सिंह कोर्रम राजस्थान में आयोजित होने वाली अंडर-17 नेशनल ओपन जूनियर प्रतियोगिता में शामिल होने राजस्थान रवाना हुए हैं।

राजस्थान में यह प्रतियोगिता 14 से 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव से अर्पित कोर्रम का चयन हुआ है। वहीं प्रदेशभर से लगभग 28 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। अर्पित कोर्रम के आज राजस्थान रवाना होने पर जिला वॉलीबाल संघ के लोगों ने उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी है। शहर के स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 के छात्र अर्पित 9 वर्ष आयु से ही वॉलीबॉल खेल में शामिल हुए। अपनी कोच रेखा पदम और संध्या पदम के मार्गदर्शन में उन्होंने अब तक विभिन्न प्रतियोगिता में तीन गोल्ड और दो सिल्वर मेडल हासिल किया है।

### छोटी उम्र में ही बड़ी उपलब्धि

कोच संध्या पदम ने बताया कि वॉलीबॉल खिलाड़ी अर्पित कोर्रम शुरू से ही प्रतिभावान रहा है। उसने अंडर-14 स्कूल नेशनल आंध्रप्रदेश नेल्लूर में भाग लिया था। वहीं शहर के वॉलीबॉल ग्राउंड में प्रैक्टिस करते हुए उसने पांच बार स्टेट खेला है। वहीं इंडो नेपाल में सब जूनियर प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले को गौरान्वित किया है।

## पृष्ठ 13 के शेष

### घर का ताला...

चोरी किए गए गहने अपने घर से बरामद कराने पर शत-प्रतिशत चोरी की मशरूका जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी एवं अपचारी बालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया एवं न्यायालय के आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया एवं अपचारी बालक को सरंक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया।

### अस्पताल के सुरक्षा...

तीन आरोपियों पर कार्रवाई- पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में आरोपी विनय मेश्राम उर्फ पप्पु, साहिल बंसोड, हेमराज चौहान उर्फ भक्कु की गिरफ्तारी की गई। आरोपियों द्वारा गवाहों को पुनः धमकाने की सूचना पर पृथक से प्रतिबंधात्मक धारा में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
- सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
- मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
- शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
- अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
- कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
- वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
- स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

# किसान स्वाभिमान रैली निकाल दिखाएंगे आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश किसान संघ 12 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान स्वाभिमान रैली निकालकर अपने आक्रोश का प्रदर्शन सोमवार को राजनांदगांव में करेंगे। दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक में किसान सभा का आयोजन कर जिला कार्यालय तक रैली का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश किसान संघ ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि धान खरीदी नीति एवं प्रक्रिया तथा पुरानी देनदारियों को लेकर लगातार ज्ञापनों के माध्यम से आग्रह किया जा रहा है, लेकिन खरीदी की प्रक्रिया में कोई सुधार नहीं हो रहा है न ही वंचित भुगतान किए जा रहे हैं। खरीदी केंद्र में प्रवेश के समय मय वाहन किसान की फोटोग्राफी अपमानजनक है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। बायोमैट्रिक प्रणाली से जब खरीदी हो रही है तो इसमें किसानों के स्वाभिमान को आहत करने फोटोग्राफी की क्या जरूरत थी, समझ से परे है। किसान टोकन मिलने पर सर्वर की समस्या से दो-चार होता है। देर रात तक सोसाइटी में रहना पड़ रहा है। प्रति कट्टा 6 से 8 रुपए की अवैध वसूली शिकायत के बावजूद बदस्तूर जारी है। प्रत्येक खरीद केंद्र में प्रति सप्ताह लाखों की अवैध वसूली हो रही है।

### ये है मांगे

फोटोग्राफी बंद करने, दैनिक खरीद सीमा बढ़ाना, अवैध वसूली बंद करने, गिरदावरी व पंजीयन विसंगति दूर करने, ऋण अदायगी पश्चात ऋण दिए जाने में कटौती नहीं करने, समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का लाभ देते हुए 3286 रुपए की दर से एकमुश्त भुगतान, 117 रुपए अंतर की राशि का भुगतान, राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान, ग्रीष्मकालीन धान को दबावपूर्वक हतोत्साहित नहीं करने, बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाते मुआवजा एवं आरबीसी 6-4 का लाभ, अति उत्साह में किसानों का धान जब्त न करने एवं सीजन में खाद की कालाबजारी नहीं कराने की मांग बारह सूत्रीय मांग पत्र में है, लेकर प्रशासन को एक बार पुनः ज्ञापन सौंपा गया है। जिलेभर से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारों की अपील प्रदेश किसान संघ ने की है।

### खैरा में श्रीरामकथा का आयोजन

सुकुलदैहान। अध्यात्मिक गुरु पंडित राम किंकर महाराज के उत्तराधिकारी एवं श्री रामायणम ट्रस्ट श्रीधाम आयोध्या की अध्यक्ष दीदी मा मंदाकिनी के पावन सानिध्य में ग्राम खैरा (सुकुलदैहान) स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में 24 एवं 25 दिसम्बर को श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है।

दीदी मां के सुमधुर कंठ से सनातन धर्म के संस्कारों एवं श्रीराम कथा एक जीवन दर्शन पर प्रवचन का श्रद्धालु लाभ उठाएंगे। दीदी मां मंदाकिनी श्रीराम किंकर दुर्गा मंदिर प्रांगण में सध्या 6 बजे से 8 बजे तक भक्ति संगीत की रसधारा के साथ मानस मंथन की अमृत वर्षा करेंगी। श्रीराम कथा का शुभारंभ 24 दिसम्बर दोपहर 2 बजे भव्य शोभाकलश यात्रा जो कि माता शीतला मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए दुर्गा माता मंदिर परिसर पहुंचेंगी, जहां व्यासपीठ पर विराजित दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर श्रीराम कथामृत की वर्षा प्रारंभ करेंगी। आयोजक सिन्हा परिवार की ओर से गोपालराम सिन्हा ने धर्मानुरागी रामकथा रसिक श्रोता समाज से निवेदन किया है कि अधिकाधिक संख्या में पधारकर रामकथा श्रवण कर पुण्य के भागी बनें।

## निधन

### आशुतोष टांडिया

राजनांदगांव। भरकापारा निवासी आशुतोष टांडिया का अचानक निधन हो गया। वे रूपेश टांडिया के भतीजे, अमन टांडिया के भाई एवं श्रीमती दुर्गा टांडिया के सुपुत्र थे। आशुतोष का निधन मिलने की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार में परिवारजन, रिश्तेदार और वार्डवासियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।



राजनांदगांव, कवर्धा जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| राजनांदगांव | 10 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| अंबागढ़ चौकी | 3 पद | वेतन |
| खैरागढ़ | 5 पद | 15000/- |
| कवर्धा | 5 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो राजनांदगांव,अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़, कवर्धा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : दुर्गा चौक, राजनांदगांव, मो. 9425240405, 7489534456
ब्यूरो कार्यालय : एकता चौक, कवर्धा मो. 9893605300, 8889139071
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025



## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन

**राजनांदगांव** । जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आज चयन परीक्षा का आयोजन किया गया । इस परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए । परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी खासी तैयारी की हुई थी । इस चयन परीक्षा के लिए शहर में 13 केंद्र बनाए गए थे, जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा के आयोजन को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजू साहू ने बताया कि स्टेट स्कूल में 240 परीक्षार्थियों ने नवोदय विद्यालय में चयन के लिए परीक्षा दी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर दिए गए निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। वही शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नवोदय के निर्देश अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

नवोदय विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के चयन के लिए आयोजित की गई इस परीक्षा को लेकर अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए पालकों में भी काफी गंभीरता रहती है। सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की गई इस परीक्षा में कक्षा 6 में प्रवेश के विद्यार्थियों की अधिक संख्या रही।

### मड़ई का आयोजन आज

**राजनांदगांव** । ग्राम रेंगाकठेरा में मंडई का कार्यक्रम 14 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित उक्त मंडई में ग्राम होजेटोला वालों का नाच कार्यक्रम आयोजित है। उक्त मंडई में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

# एक माह में 183 कोचियों की धरपकड़, 8 करोड़ का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक गंभीरता के चलते लगातार अवैध धान पर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अमले ने एक माह के भीतर ही लगभग 8 करोड रुपए का अवैध धान जब्त किया है। प्रशासन द्वारा अब तक राजनांदगांव विकासखंड में 42, डोंगरगढ़ विकासखंड में 50, डोंगरगांव विकासखंड में 51 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अवैध धान खपाने के लिए कोचिए सक्रिय नजर रहे हैं। वहीं प्रशासनिक अमला भी इस अवैध धान को रोकने के लिए मुस्तैद दिखाई दे रहा है। अवैध धान को रोकने के लिए जिले के मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में तीन चेक पोस्ट बनाकर 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

वहीं धान खरीदी केन्द्रों में संदेह होने पर भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है, जहां अधिक धान भी मिल रहा है। 15 अक्टूबर से शुरू हुई इस धान खरीदी में प्रशासनिक अमले ने अब तक कुल 183 प्रकरण दर्ज की है। जिसमें 63031 बोरों में 25212.46 क्विंटल धान जब्त किया गया है । जिसकी कीमत 7 करोड़ 81 लाख 58 हजार 626 रुपए है। वहीं इस अवैध धान परिवहन में लिप्त कुल 18 वाहनों पर भी जब्ती कार्रवाई की गई है ।

## प्रशासन की कार्रवाई से कोचियों में मची खलबली, पोहा और राईस मिलों में भी दबिश

### मुढ़पार खरीदी केंद्र में छापा

कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। आज उपार्जन केंद्र मुड़पार का भौतिक सत्यापन किया गया। इस उपार्जन केंद्र में खरीदी से अतिरिक्त 2100 कट्टा में लगभग 840 क्विंटल अतिरिक्त धान पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। वहीं आज अन्य 4 प्रकरणों में 445 बोरों में 177.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

### पोहा मिल में भी मिला अवैध धान



कलेक्टर के निर्देश पर आज तहसीलदार तथा कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा शहर के बसंतपुर स्थित महामाया कृषि केन्द्र फर्म के परिसर में दबिश देकर लगभग 1800 कट्टा धान जब्त किया है। वहीं लखोली स्थित विकास पोहा मिल में विकास अग्रवाल के यहां से 332 कट्टा धान जब्त किया और नंदई मोहारा स्थित जिंदल पोहा मिल में तपन अग्रवाल के यहां 200 कट्टा धान जब्त किया गया।

### कृषि केंद्र में अवैध धान

तहसीलदार तथा कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा शहर के बसंतपुर स्थित महामाया कृषि केन्द्र फर्म के परिसर में दबिश देकर लगभग 1800 कट्टा धान जब्त किया है। वहीं लखोली स्थित विकास पोहा मिल में विकास अग्रवाल के यहां से 332 कट्टा धान जब्त किया और नंदई मोहारा स्थित जिंदल पोहा मिल में तपन अग्रवाल के यहां 200 कट्टा धान जब्त किया गया।

## ठंड के कारण स्कूली बच्चों की भी सेहत खराब

# सर्दी-जुकाम लेकर आई कड़ाके की ठंड, 20 फीसदी बढ़े वायरल के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ठंड अपने साथ सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी समस्या लेकर आई है। सरकारी अस्पतालों में मौसमी बीमारी के मरीज 20 फीसदी तक बढ़े हैं। जिसमें ब्रोंकियोलाइटिस की समस्या वाले छोटे बच्चे भी शामिल हैं। फेफड़े की वायु नसों में होने वाले संक्रमण की वजह से बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है और शिकायत बढ़ने पर उन्हें भर्ती कर इलाज भी करना पड़ता है। सर्दी का मौसम श्वांस संबंधी समस्या के पीड़ितों के लिए जोखिम भरा होता है। इसके साथ ही मौसमी बीमारी यानी सर्दी-खांसी की परेशानी भी थोक में सामने आती है।

राज्य में ठंड प्रारंभ हो चुकी है और मौसमी बीमारी से पीड़ित होने वालों की संख्या अस्पताल में बढ़ने लगी है। अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आने वाले मरीजों में दस से फीसदी लोग सर्दी-जुकाम जैसी समस्या से पीड़ित है। इन मरीजों को आवश्यकता के अनुसार डॉक्टर जांच के बाद दवा दे रहे हैं और तीन से चार खुराक में समस्या का



समाधान हो जा रहा है, जिन्हें समस्या ज्यादा है, उन्हें भर्ती कर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। ठंड के इस मौसम में छोटे बच्चों को भी सर्दी-जुकाम के साथ ब्रोंकियोलाइटिस का जोखिम बढ़ गया है। जिला अस्पताल के शिशु रोग विभाग में बच्चों की इस तरह की समस्या लेकर बच्चे पहुंच रहे हैं। प्रारंभिक शिकायत होने पर ऐसे बच्चों की समस्या दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह से ठीक की जा रही है। वहीं शिकायत होने पर कुछ बच्चों को भर्ती कर उपचार की सुविधा दी जा रही है। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भी हर आयु वर्ग के मरीज इलाज के लिए दवा लेने पहुंच रहे हैं।

### वायरल इंफेक्शन

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि बोकियोलाइटिस एक वायरल इंफेक्शन है। यह छोटे बच्चों के फेफड़ों में वायु मार्ग (ब्रोकियोल्स) को संकरा कर देता है। जिससे सांस लेने में मुश्किल होती है। इसके लक्षणों में जुकाम, खांसी, और घरघराहट शामिल है और यह आमतौर पर रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस के कारण होता है। ज्यादातर मामलों का इलाज घर पर ही हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा सांस लेने में बहुत तकलीफ महसूस करे, तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### अस्थमा की शिकायत भी

ठंड के इस मौसम में अस्थमा के पुराने पीड़ितों का खतरा बढ़ गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीबी एवं चेस्ट रोग विभाग में अस्थमा, एलर्जी जैसी समस्या लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। चिकित्सकों के मुताबिक ठंडी हवा निचले स्तर पर बहती है। इसकी वजह से वातावरण में मौजूद धूल नीचे आते हैं और श्वांस संबंधी शिकायतों से पीड़ित लोगों के परेशानी का कारण बनते हैं। डॉ. प्रकाश खूंटे ने बताया कि ओपीडी में आने वाले 20 फीसदी मरीज मौसम की समस्या से पीड़ित हैं।

# मटेरियल टेस्टिंग लैब में जांच, फिर भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर होने वाले कार्य में भ्रष्टाचार साफ दिखाई देता है। जिसके चलते कार्य की गुणवत्ता खराब होती है। हाल ही में 10 करोड़ रुपए से निर्मित शहर के विभिन्न सड़क की गुणवत्ता को देखकर ही विकास कार्यों के धरातल पर क्रियान्वयन को समझा जा सकता है।

कार्यों की बेहतर गुणवत्ता के लिए नगर निगम द्वारा टांकाघर परिसर में मटेरियल टेस्टिंग लैब भी बनाया गया है, लेकिन इस लैब के भीतर रखी मशीनों को देखकर ऐसा लगता है कि इसमें टेस्टिंग की महज खानापूर्ति ही होती है। अगर यहां निर्माण कार्य के मटेरियल की सही तरीके से टेस्टिंग होती है तो फिर गुणवत्ता खराब कैसे हो रही है, यह भी एक सवाल है। शहर में गांधी चौक से लेकर दुर्गा चौक तक की सड़क को बने लगभग 6 माह ही हुए हैं। ऐसे में इसके निर्माण कार्य के दौरान ही सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जबकि मौके पर इंजीनियर ने गुणवत्ता की जांच की थी। वहीं मटेरियल टेस्टिंग लैब होने के बाद भी सड़क पर बिछाए गए डामर की गुणवत्ता आखिर कैसे खराब हो गई। वहीं सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं।

### टेस्टिंग की औपचारिकता

टांकाघर परिसर में निर्मित इस मटेरियल टेस्टिंग लैब में मशीन तो लगाई गई है, लेकिन इंजीनियरों की कमी है। इस टेस्टिंग लैब में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य में लगने वाले पदार्थ उसकी गुणवत्ता को परखा जा सकता है, लेकिन लैब के भीतर रखे मशीनों की महज औपचारिकता ही दिखाई देती है।

**सीसी रोड की गुणवत्ता भी खराब**

शहर के कई वार्ड में नगर निगम चुनाव से पहले ही सीसी रोड निर्माण किया गया है। इसमें से कई जगहों पर सीसी रोड में दरारों के साथ ही कांक्रीट की सड़क टूट रही है। कुछ वार्डों में तो सीसी रोड़ की कांक्रीट भी उखड़ रही है। अगर मटेरियल टेस्टिंग लैब में गुणवत्ता चेक की गई है तो फिर इस तरह से कांक्रीट की सड़क उखड़ना जांच पर भी सवाल खड़े करता है।

# घर का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी से चोरी के गहने भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने घर बजरंगपुर नवागांव से 12 दिसंबर को साढे 12 बजे अपनी बहू के साथ बाजार गई थी। बाजार से 2 बजे घर वापस आकर देखी तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। प्रार्थिया के रूम और अपनी बहू के रूम में रखे आलमारी के अंदर रखे सोने का आभूषण, 5 मंगलसूत्र, 3 कान के इयरिंग कीमती करीबन 545000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एक आरोपी ने अपना नाम ऐश्वर्य साहू 18 साल ग्राम नवागांव का होना बताया तथा एक अपचारी बालक होना पाया गया। बारिकी से पूछताछ करने पर आरोपी एवं अपचारी बालक द्वारा प्रार्थिया के मकान से सोने के 5 मंगलसूत्र, 3 कान के इयरिंग, नाक के फुल्ली एवं नगदी रकम 1000 रुपए चोरी करना तथा चोरी किए गए रकम में से 600 रुपए को खाने-पीने में खर्च होना बताते चोरी किए गए गहने अपने घर से बरामद कराने पर शत-प्रतिशत चोरी की मशरूका जब्त की गई।

### चोरी का सामान बरामद

इस मामले में चौकी चिखली एवं सायबर सेल की टीम तैयार कर घटना के संबंध में चोरी के घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेजों को खंगाला गया। जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति घटनास्थल के आसपास घूमते हुए पाए गए। जिनके हुलिया के अनुसार दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर चौकी चिखली लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

# अस्पताल के सुरक्षा गार्ड से मारपीट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निजी एम्बुलेंस संचालकों द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निजी सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निजी सुरक्षा गार्ड ने रिपार्ट दर्ज कराया कि प्राईवेट एम्बुलेंस के संचालक पप्पू उर्फ विनय मेश्राम द्वारा अपने प्राईवेट एम्बुलेंस को अस्पताल परिसर में अनाधिकृत रूप से खड़ी करने पर मना करने पर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

# वाहन की चपेट में आए मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शराब के नशे में डीआई वाहन चालक ने रोड पर खड़े एक 4 वर्षीय मासूम बालक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 दिसंबर को शाम के समय बिजली विभाग में संलग्न डीआई वाहन के चालक रोशन कुमार पटेल पद्मावतीपुर की ओर जाते समय शराब के नशे ने ग्राम कुटेलीखुर्द बाजार चौक रोड़ पर खड़े बालक डिमांशु जंघेल पिता भगवती जंघेल 4 साल निवासी ग्राम कुटेलीखुर्द थाना छुईखदान को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। लगभग तीन मीटर दूर तक ले गया और गाड़ी को लेकर पद्मावतीपुर की ओर भाग गया। घायल बालक को शासकीय अस्पताल छुईखदान ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा चेक करने पर बालक डिमांशु जंघेल को मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी भगवती जंघेल पिता जोहनराम जंघेल 32 साल साकिन कुटेलीखुर्द की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 281, 125(ए), 105 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

विवेचना के दौरान पुलिस ने डीआई वाहन के चालक आरोपी रोशन कुमार पटेल पिता तिरिथराम पटेल 31 साल निवासी ग्राम भठोरा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा हाल पता कुकुरमुड़ा को 13 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को उपजेल सलोनी भेजा गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द
• सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर


MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~
प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी
डिजिटल प्रिंट
मेन्स कुर्ता
₹333 में प्रति पीस
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
लोहारा रोड, कवर्धा
*condition apply

**कार्रवाई : कबीरपंथ का पोस्टर फाड़ने और गाली-गलौच करने का आरोप**

# नवागांव में धार्मिक उन्माद फैलाने और शांति भंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कवर्धा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवागांव में बीते दिनो हुए दो पक्षों के विवाद मामले में अब पुलिस ने कबीर पंथियों के प्रार्थी की शिकायत पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के विरूद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 532/2025 धारा 298, 296, 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत धार्मिक भावनाओं को आहत करने, शांति भंग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुनित झारिया पिता धनसाय झारिया उम्र 35 वर्ष निवासी नवागांव थाना कवर्धा द्वारा गत 12 दिसम्बर को थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि 19 दिसम्बर को सुबह लगभग 10.30 बजे कवर्धा-लोहारा मुख्य मार्ग पर नवागांव चौक स्थित कबीर चबूतरा के पास कबीरपंथ से संबंधित धार्मिक कार्यक्रम के प्रचार के लिए लगाए गए बैनर-पोस्टर को आरोपियों द्वारा फाड़ दिया गया तथा गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

उक्त कृत्य से समाज में आक्रोश एवं धार्मिक उन्माद की स्थिति उत्पन्न हुई है। आवेदन के आधार पर थाना कवर्धा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लिए गए, घटना स्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया। प्रार्थी के पेश करने पर घटना स्थल से फाड़े गए बैनर-पोस्टर, सफेद झंडा, नीलगिरी की बल्ली एवं बांस का कमचील को विधिवत जप्त किया गया।

मामले की जांच में आरोपी सोहन नाथ शिवोपासक पिता गौकरण नाथ शिवोपासक उम्र 49 वर्ष तथा मनहरण नाथ योगी पिता नारायण नाथ योगी उम्र 51 वर्ष, दोनों निवासी नवागांव थाना कवर्धा का अपराध में संलिप्त होना पाए जाने पर 13 दिसम्बर को क्रमशः 1.30 बजे एवं 1.40 बजे दोनो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना आरोपियों के परिजनों को दी गई। आरोपी सोहन नाथ शिवोपासक के विरुद्ध पूर्व में इस्तगाशा क्रमांक 17/1999, 31/2012 एवं 231/2021 धारा 107, 116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध हैं। वहीं आरोपी मनहरण नाथ योगी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 74/1999 धारा 451, 323, 34 भादवि एवं इस्तगाशा क्रमांक 17/1999 धारा 107, 116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के प्रकरण दर्ज हैं। मामला अजमानतीय प्रकृति का होने से आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर प्रात करने हेतु माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस द्वारा आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की जाती है तथा धार्मिक उन्माद फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




### कबीरपंथियों की चेतावनी के बाद की गई गिरफ्तारी

यहां बताना लाजिमी होगा कि नवागांव में उपजे विवाद के बीच आरोपियों द्वारा नवागांव चौक स्थित कबीर चबूतरा के पास कबीरपंथ से संबंधित धार्मिक कार्यक्रम के प्रचार के लिए लगाए गए बैनर-पोस्टर को फाड़ने तथा समाज के लोगों के साथ गाली गलौंच को लेकर कबीर पंथियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए 13 दिसम्बर तक का अल्टीमेटम दिया था। इस मामले को बेहदगंभीरता से लेते हुए कबीरपंथ के धर्मगुरू प्रकाश मुनिनाम साहेब स्वयं ने 13 दिसम्बर को कवर्धा पहुंचने का ऐलान भी किया था और वे अपने नियत समय पर कवर्धा भी पहुंच गए। माना जा रहा है कि समाज के इस रूख को देखते हुए ही पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लेकिन समाज अभी भी पुलिस प्रशासन की आरोपियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही पर नजर रखे हुए है।



## पुलिसिया कार्रवाई से धर्मगुरू प्रकाश मुनिनाम साहेब नाखुश, आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप

- सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचे घटना ग्राम नवागांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम नवागांव में धार्मिक उन्माद फैलाने एवं शांति भंग करने के मामले के सामने आने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी एवं न्यायसंगत कार्यवाही की मांग को लेकर शनिवार को कवर्धा पहुंचे कबीरपंथ के धर्मगुरू पथ श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने पीजी कॉलेज के डोम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कबीरपंथियों को संबोधित किया। तत्पश्चात वे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ घटना ग्राम नवांगांव भी पहुंचे और ग्रामीणों से इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली। हालांकि प्रकाश मुनिनाम साहेब की मांग व चेतावनी को देखते हुए हरकत में आए पुलिस प्रशासन ने नवागांव के कबीर चबूतरा में धार्मिक उन्माद फैलाने एवं शांति भंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन प्रकाश मुनिनाम साहब ने पुलिस प्रशासन के रवैए और नियत पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आरोपियों को संरक्षण दे रही है। घटना के तीन दिन बाद और वह भी चेतावनी देने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। उस पर भी पुलिस प्रशासन आरोपियों को थाना ले जाने के बाद उनकी आवभगत करते दिखाई दे रहा है उन्हें कुर्सी में बैठाया जा रहा है जबकि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने वाले फरियादियों को एसपी कार्यालय के बाहर घंटो खड़ा रखा जाता है। उन्होने कहा कि पुलिस प्रशासन का यह रवैया पीड़ा देने वाला है। उन्होने यहां तक कहा कि इस तरह का बरताव करने वाले पुलिस अधीक्षक को कवर्धा से हटाना चाहिए। प्रकाश मुनिनाम साहब ने कहा कि इस पूरे मामले में प्रदेश के गृहमंत्री से भी मुलाकात करेंगे और अपनी बात रखेंगे।

# नाली निर्माण नहीं होने से सड़क पर बह रहा निस्तारी पानी

- साप्ताहिक बाजार जाने वालों और क्षेत्र के ग्रामीणों को हो रही है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रवेली

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत बिजई से लगभग 3 किलोमीटर दूर खड़ौदा खुर्द से मदनपुर को जोड़ने वाले मार्ग की स्थिति बदहाल होती जा रही है। ग्राम खड़ौदा खुर्द के पास घरों से निकलने वाला निस्तारी पानी नाली निर्माण के अभाव में सीधे सड़क पर बह रहा है, जिससे सड़क पर पानी भराव और गहरे गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क किनारे नाली नहीं होने के कारण घरों का उपयोग किया गया पानी सड़क पर आकर रुक जाता है। इस समस्या की जानकारी कई बार ग्राम पंचायत को दी गई, लेकिन अब तक नाली निर्माण का कार्य नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि सड़क पर लगभग 2 से 3 फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो गया है। बताया गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में हर शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसमें खड़ौदा खुर्द सहित तीन-चार गांवों के ग्रामीण खरीददारी के लिए आते हैं। बाजार जाने वाले लोगों, राहगीरों और वाहन चालकों को इस गड्ढे से गुजरते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया और चारपहिया वाहन फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क ठेकेदार द्वारा कई बार गिट्टी डालकर अस्थायी मरम्मत की गई, लेकिन नाली निर्माण नहीं होने के कारण पानी के बहाव से पूरी गिट्टी बह जाती है और कुछ ही दिनों में फिर से गड्ढा बन जाता है। इस ओर न तो ग्राम पंचायत ध्यान दे रही है और न ही संबंधित विभाग व ठेकेदार जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मार्ग की लगातार बिगड़ती हालत से नाराज ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कर सड़क की स्थायी मरम्मत और सुधार की मांग की है, ताकि साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्रामीणों और आम राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिल सके।



# शहर के निराश्रित गौवंश के लिए जानलेवा साबित हो रही कड़ाके की ठंड

## कवर्धा नगर में आए दिन हो रही निराश्रित गो वंश की मौत

- गो वंश की सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड कवर्धा शहर में विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश के लिए जानलेवा साबित हो रही है। ठंड से बचाव और समुचित आश्रय के अभाव में खुले आसमान के नीचे रातें गुजारने को मजबूर गौवंश लगातार दम तोड़ रहे हैं। बीते कुछ दिनों से शहर के अलग-अलग इलाकों से गौवंश की मौत की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे संवेदनशील नागरिकों में गहरी चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के भीतर ही कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कैलाश नगर पुलिस सहायता केंद्र के सामने तीन निराश्रित गौवंश की ठंड से मौत हो चुकी है। इसी तरह शहर के अन्य मोहल्लों, चौक-चौराहों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर भी आए दिन गौवंश की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कहीं किसी घर के सामने तो कहीं किसी दुकान या सड़क किनारे गौवंश मृत अवस्था में पड़े मिल रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि गौवंश की मौत के बाद स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर नगर पालिका का अमला मौके पर पहुंचकर केवल मृत पशुओं को हटाने और उन्हें ठिकाने लगाने की औपचारिकता निभा रहा है। लेकिन इस गंभीर, संवेदनशील और चिंतनीय विषय पर न तो नगर पालिका प्रशासन कोई ठोस पहल करता नजर आ रहा है और न ही शासन स्तर पर निराश्रित गौवंश के संरक्षण और ठंड से बचाव के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था की जा रही है। यदि यह कहा जाए कि प्रशासन इस समस्या पर मूकदर्शक बना हुआ है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर में निराश्रित गौवंश की संख्या सैकड़ों में है। ये गौवंश दिनभर शहर की गलियों, मोहल्लों, चौक-चौराहों, सब्जी बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भूखे-प्यासे भटकते नजर आते हैं। सामान्य दिनों में ये किसी तरह खुले आसमान के नीचे रहकर अपना जीवन यापन कर लेते हैं, लेकिन इन दिनों पड़ रही हड्डी गलाने वाली ठंड इनके लिए असहनीय बन गई है। विशेष रूप से कमजोर, बीमार और वृद्ध गोवंश पर ठंड का सबसे अधिक विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिसके चलते उनकी मौत हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते नगर में अस्थायी गौ-शालाएं, रैन बसेरे या ठंड से बचाव के लिए तिरपाल, बोरी, पुआल जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं कर दी जाएं, तो इन बेजुबान जीवों की जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही नियमित रूप से चारा-पानी की व्यवस्था और पशु चिकित्सकों की निगरानी भी आवश्यक है।



### अब नहीं आ रही गो रक्षकों को गोवंश की याद

इस पूरे मामले में एक और चिंताजनक पहलू यह है कि हमेशा गौवंश की सुरक्षा और संवर्धन की बात करने वाले तथाकथित गौ रक्षक संगठन भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। ठंड के इस कठिन मौसम में निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय, भोजन या बचाव को लेकर इनके द्वारा कोई ठोस प्रयास करते हुए नहीं देखा जा रहा है। शहर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि शासन-प्रशासन और सामाजिक संगठनों को मिलकर इस दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए। निराश्रित गौवंश की लगातार हो रही मौतें न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती हैं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए ठंड से बचाव के लिए त्वरित और कारगर उपाय किए जाएं, ताकि बेजुबान गौवंश को इस भीषण ठंड में जीवनदान मिल सके।

## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 14 दिसंबर को अपरान्ह एक बजे राजमहल चौक के पास स्थित राजीव गाँधी पार्क कवर्धा में आयोजित है, जिसमें शिक्षकों के पदोन्नति, क्रमोन्नति, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, उच्च परीक्षा अनुमति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से बैठक में समय पर उपस्थिति का आव्हान किया है।

### मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर गत दिनो शासकीय प्राथमिक शाला महली, संकुल महली में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला इकाई की अध्यक्ष मलाइका सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान मानवाधिकारों के महत्व, समानता,स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को जागरूक करने हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई। व्याख्याता सीएस क्षत्री ने राष्ट्रीय मानवाधिकार परिचय का वाचन करते हुए नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, पंच, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कन्या शाला के व्याख्याता, वालिंटियर कुलपति दास मानिकपुरी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पुलिस भर्ती में चयनित पोखन श्रीवास का समाज के लोगों ने किया सम्मान



**स लोहारा।** पुलिस भर्ती में ग्राम सारी के युवा पोखन श्रीवास (सोम) पिता उपराम श्रीवास का चयन हुआ है जो की समाज के लिए गौरव की बात है। सामाज के लोगों का कहना है कि विकासखण्ड स लोहारा के श्रीवास समाज से पोखन श्रीवास (सोम पहला पुलिस आरक्षक होगा ये सबसे बड़ी उपलब्धि है। समाज के युवा की इस उपलब्धि पर ब्लॉक सर्व नाई समाज द्वारा शनिवार को समाज की तरफ से श्रीफल, साल एवं संत शिरोमणि सेन महाराज की फोटो भेंट कर पोखन श्रीवास (सोम) सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनहरन श्रीवास जिला अध्यक्ष सर्व नाई समाज, डाकेश्वर श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष स/लोहारा, रामकुमार श्रीवास महामंत्री, रामजी श्रीवास संरक्षक, खेलन श्रीवास कुरहा, मेघराज श्रीवास मीडिया प्रभारी, रोशनी श्रीवास सेक्टर अध्यक्ष सिंघनगढ़ मोहन श्रीवास गौकरण श्रीवास राजू श्रीवास, राजू श्रीवास नीलकंठ श्रीवास मोहन श्रीवास रामवतार श्रीवास ब्लॉक संयोजक कौशल श्रीवास सेक्टर अध्यक्ष सिंगारपुर जंगल मुकेश श्रीवास, विनायक श्रीवास, वैष्णवी श्रीवास सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# 17 को शिव सेना का दिल्ली में धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनता के हितों के लिए कार्य करते आ रही है छत्तीसगढ़ शिव सेना हिन्दुत्व की मांगो में प्रमुखतः से हिन्दु राष्ट्र की मांग के लिए लगातार संघर्ष करते आ रही है। जिसके लिए पार्टी के द्वारा पिछले कई वर्षों से दिल्ली शीतकालीन सत्र में हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर धरना, आयोजित करते आ रही है, साथ ही पूरे प्रदेश में हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर मोर्चा निकालेगी। उक्त बातें शिवसेना के जिलाध्यक्ष प्रकाश वर्मा ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि 11 से 14 नवम्बर तक दंतेवाड़ा से रायपुर तक 04 दिवसीय यात्रा निकाली गई। दिल्ली धरना के पश्चात हिन्दू राष्ट्र मोर्चा के लिए पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों मंर हमारी मांगो को पूर्ण करने के लिए मोर्चा के साथ हस्ताक्षर अभियान भी करवाया जायेगा। इसी कडी में 17 दिसम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर में छत्तीसगढ़ शिव सेना के द्वारा विशाल धरना दिया जायेगा तथा गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ हत्या करने पर हत्या का मुकदमा पूरे देश में दर्ज किया जाए इस आशय का कानून पारित किए जाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा पूरे भारत वर्ष में दिए जाने, समान नागरिक सहिता लागू किए जाने सहित अन्य मांगे रखी जाएंगी तथा केन्द्र सरकार को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने की सराहनीय पहल**

# स्वनिर्मित टीएलएम से जटिल गणितीय अवधारणाएं बना सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गणित विषय को अक्सर एक कठिन विषय माना जाता है, जिसके कारण छात्रों के मन में बचपन से ही इसके प्रति एक अनजाना भय व्याप्त हो जाता है। इसका मुख्य कारण जटिल गणितीय अवधारणाओं को समझने में आने वाली कठिनाई है।

इसी समस्या को दूर करने के लिए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने सराहनीय पहल करते हुए स्वनिर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री अर्थात टीएलएम का उपयोग कर गणित की कठिन अवधारणाओं को सरल और स्पष्ट बना रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किया गया कम लागत की शिक्षण सहायक सामग्री विद्यार्थियों के मन से गणित का भय दूर करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। खाली डिब्बों से बनाई गई थ्री-डी आकृतियों के माध्यम से पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन के बीच के संबंध को समझाया जा रहा है, जिससे छात्रों में थ्री-डी विसुअलाइज़ेशन कौशल का विकास हो रहा है। उन्होंने रंगीन कार्डबोर्ड के वर्गों के टुकड़ों को काटकर उन्हें पुनः व्यवस्थित कर पाइथागोरस प्रमेय का प्रभावी प्रत्यक्षीकरण किया।




साथ ही कागज के गत्ते की दो पट्टियों को पेंच से जोड़कर एक चलने-फिरने योग्य कोण मॉडल बनाया गया है, जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के कोणों और ज्यामितीय रूपांतरणों को दर्शाने के लिए किया जाता है। टीएलएम के इस प्रभावी समावेश से विद्यार्थियों को मूर्त अनुभवों के जरिए अमूर्त गणितीय अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल रहा है। इस नवाचार से विद्यार्थियों के लिए गणित एक रोचक विषय बन गया है।

## संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण हेतु विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडरिया को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षकों की कार्यसंबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से समाधान हेतु आग्रह किया गया। संघ द्वारा प्रस्तुत प्रमुख मांगें जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम द्वारा जारी सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में पाए गए त्रुटियों का निराकरण करते हुए उसे उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाए, प्रमोशन एवं स्थानांतरण के कारण रिक्त पड़े संकुल शैक्षिक समन्वयक के पदों यथाशीघ्र नियुक्ति की जाए, ताकि विद्यालयों की शैक्षणिक व सहगामी गतिविधियों में बाधा न आए, अर्धवार्षिक परीक्षा या तो शीतकालीन अवकाश के पहले सम्पन्न हो या शीतकालीन अवकाश के बाद संपन्न हो, समस्त शिक्षकों के जीपीएफ पासबुक का संधारण किया जाए। इस ज्ञापन के दौरान संघ के जिला एवं विकासखंड पदाधिकारियों ने बताया कि उपरोक्त मांगें शिक्षकों के हित से जुड़ी हैं तथा इनके शीघ्र निराकरण से शैक्षणिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। संघ ने आशा व्यक्त की कि विभाग इन मांगों पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करेगा। राजपूत, पूर्णानंद भास्कर एवं अन्य सदस्य शिक्षक उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में कवर्धा विधानसभा विकास की दिशा में अग्रसर

# कांग्रेस के 5 साल पर भारी पड़े भाजपा के 2 साल, कवर्धा में विकास की रफ्तार ने बदली तस्वीर: कैलाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कांग्रेस सरकार के पांच वर्षो के कार्यकाल को सुस्त और दिशाहीन बताते हुए भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में कवर्धा विधानसभा ने जितना विकास देखा है, उतना कांग्रेस के पूरे पांच साल में भी नहीं हुआ। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने आंकड़ों, योजनाओं और जमीनी कार्यो के माध्यम से दोनों कार्यकालों की सीधी तुलना रखते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना को वर्षो तक रोक दिया गया, जिससे पांच साल में केवल 13,268 गरीब परिवारों को ही पक्का मकान मिल सका। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के संकल्प और परिश्रम से मात्र दो वर्षों के भीतर कबीरधाम जिले के लिए 60 हजार से अधिक गरीब परिवारों के पक्के आवास स्वीकृत किए गए। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि गरीबों के जीवन में आए वास्तविक बदलाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की धुरी होती हैं, लेकिन कांग्रेस के पांच वर्षो में पूरे जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत केवल 27 सड़कों को स्वीकृति मिली। इसके विपरीत भाजपा सरकार के दो वर्षों में अकेले कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में ही 73 से अधिक सड़कों को मंजूरी दी गई। वर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ नए मार्गों का निर्माण तेज गति से कराया जा रहा है, जिससे गांव-गांव तक आवागमन सुगम हो रहा है।

### निर्माण कार्य से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा मजबूत हुई




प्रेस वार्ता में बताया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार करते हुए ग्राम घोठिया में 306 करोड़ रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। जिला अस्पताल कवर्धा में आधुनिक सीटी स्कैन मशीन की शुरुआत हो चुकी है, जिससे अब मरीजों को रायपुर या बिलासपुर नहीं जाना पड़ेगा। इसके अलावा निःशुल्क सोनोग्राफी, एंबुलेंस सेवाएं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा मजबूत हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में भोरमदेव विद्यापीठ की स्थापना कर गरीब और प्रतिभाशाली युवाओं को पीएससी, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। वहीं नालंदा लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं के साथ युवाओं के लिए अध्ययन का केंद्र बनने जा रही है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं, नए विद्युत सब-स्टेशनों, मिनी स्टेडियमों, भोरमदेव कॉरिडोर और सामाजिक कल्याण योजनाओं से कवर्धा का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह अंतर केवल समय का नहीं, बल्कि सरकार की नीयत और कार्यसंस्कृति का है। प्रेस वार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, वीरसिंह पटेल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक के निर्देश में धान खरीदी केंद्र कोलेगांव में किया बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित धान खरीदी केंद्र परिषर में हैंडपंप नहीं होने से ग्रामीण किसानों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं ग्रामीण किसानों को पेयजल के लिए दूर-दराज से पानी की व्यवस्था करना पड़ता था। वहीं ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या को देखते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से शिकवा शिकायत की गई। जिस पर ग्रामीण किसानो की इन समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा धान खरीदी केंद्र कोलेगांव परिषर में बोर खनन करवाया गया। जिससे धान खरीदी केंद्र कोलेगांव के साथ ग्राम बसनी, रेहुटा, सूरजपुरा, खैलटुकरी, घोरपेंड्री के ग्रामीण किसानों को पेयजल की सुविधा लाभ मिलेगा। जिस पर सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा, हाई स्कूल अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, दिनेश चंद्रवंशी, मेघनाथ शर्मा, परमेश्वर साहू, समिति प्रबंधक दीप चंद्राकर, सेल्समेन नरेंद्र चंद्रवंशी, ईश्वर चौहान, संतोष धुर्वे एवं ग्रामीण किसानों ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।




# नए कमला हॉस्पिटल परिसर का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हृदय रोग एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ जैन के प्रतिष्ठित कमला हॉस्पिटल कवर्धा के नए परिषर का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर नए परिसर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों ने कमला हॉस्पिटल के नए परिषर का अवलोकन किया और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की सराहना की।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि कमला हॉस्पिटल के लोकार्पण के इस सुअवसर पर आज तीन पीढ़ी एक साथ मौजूद है। जैसा डॉ सिद्धार्थ ने नाम कमाया है, जिस प्रकार पूरे छत्तीसगढ़ और कवर्धा में अपनी प्रतिष्ठा बनाई है मुझे लगता है कोई डॉक्टर ने इतने कम समय मे प्रैक्टिस करने के बाद इतनी प्रतिष्ठा अर्जित नही कर सकता जितना सिद्धार्थ ने अर्जित की है । सिद्धार्थ ने लोगो के दिलो में जगह बनाने का काम किया है,मेरा आशीर्वाद इनके साथ है। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि जिले के लिए दो-दो ऐतिहासिक दिन है, पहला जिले को शुक्रवार को ही चिकित्सा के क्षेत्र का मिल का पत्थर मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन हुआ और दूसरा चिकित्सा क्षेत्र से ही जुड़े ज्ञान जैन व गुड्डू जैन के सुपुत्र डॉ सिद्धार्थ जैन ने कोविड महामारी समय जो सेवा की और नाम कमाया है सभी जानते है, उनके हाथों में जादू है। इनका आधुनिक सेवाओ से सुसज्जित अस्पताल जिले के लिए सौगात है, यह आने वाले समय मे चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया सोपान अर्जित करेगा।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने डॉ सिद्धार्थ जैन व उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि कोविड काल मे बिना जान की परवाह किए लोगो की जिंदगी लौटाई है, निःस्वार्थ भावना से सेवा की है, लोगो को जीवन दिया है ऐसे डॉक्टर के खुद के सर्वसुविधा प्रतिष्ठान का शुभारंभ होना गर्व की बात है। बड़े शहरों की सुविधाएं यदि कवर्धा में ही उपलब्ध हो रही तो यह हमारे लिए गर्व की बात है।

डॉ सिद्धार्थ जैन ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कमला हॉस्पिटल का उद्देश्य केवल इलाज ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना के साथ सेवा प्रदान करना है। नए परिषर में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, उन्नत हृदय जांच व उपचार सुविधाएं, आधुनिक आईसीयू तथा प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ के माध्यम से मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। समारोह के दौरान अतिथियों ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। उद्घाटन अवसर पर वातावरण उत्साह, उमंग और जनकल्याण की भावना से ओतप्रोत रहा। नए परिषर में अत्याधुनिक मशीनें, बेहतर सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से मरीजों को समर्पित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम, आरएसएस के प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, भुनेश्वर चंद्राकर, रोशन दुबे, पूर्व क्रेड़ा सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शहर के चिकित्सक गण, गणमान्य नागरिक, अस्पताल स्टाफ, स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थें।




## पदोन्नत प्राचार्य को दी गई भावपूर्ण विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विगत दिनों शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मदनलाल चंद्राकर का हाई स्कूल कोयलारी में प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने से शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बानो शाला परिवार एवं एसएमसी सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। शाला के शिक्षकों द्वारा श्री चंद्राकर के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह सरल और मिलनसार के धनी थे। शाला में लीडर के रूप में बेहतर समन्वय बनाकर सबको साथ में लेकर कार्य करते थे। वह बच्चों से बहुत स्नेह करते थे, उसकी कमी हमेशा हम लोगों को रहेगी। सरपंच प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य ने भी श्री चंद्राकर द्वारा शाला के लिए किए गए उपलब्धियों को बताया। इस अवसर पर नीलांबर चंद्राकर, डिकेश्वर चंद्राकर, हरेंद्र चंद्राकर, महेश कुमार सिन्हा, प्रकाश धुर्वे, प्रधान पाठक रामधुन धुर्वे, शिक्षक चेतेंद्र कुमार यदु, श्रीमती पूनम देवांगन, प्रदीप कुमार मंडावी, चूड़ामणि रजक, जन भागीदारी के शिक्षक अजय कुमार चंद्राकर, कृष्ण कुमार सिन्हा, ग्रामीणजन और बड़ी संख्या में शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक चेतेंद्र कुमार यदु ने किया।




## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्री कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**